## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यालय का आज होगा शुभारंभ

**छिंदवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्र एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में दोपहर 12 बजे लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू, लोकसभा संयोजक शेषराव यादव, भाजपा नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शुभारंभ होगा । भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू ने इस शुभ अवसर पर सभी भाजपा नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से आज दिनांक 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में उपस्थित रहने का आग्रह किया है ।

### गौ माता के हत्यारों पर ठोस कार्यवाही करे प्रशासन

**छिंदवाड़ा:-** महादेव पार्टी प्रमुख नेता नितिन राय ने कहा कि लंबे समय से जिले में गौ तस्करी का खेल चल रहा है, सत्ता में बैठे नेताओं के संरक्षण के चलते ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है । इस विषय पर हिन्दु समाज को चिंतन करना चाहिये, और जिला प्रशासन को गौ तस्करी एवं गौ हत्या करने वाले लोगों के नाम सार्वजनिक कर उनके विरूद्ध ठोस कार्यवाही करना चाहिये । पुलिस प्रशासन द्वारा इन गौ हत्यारों पर खानापूर्ति कार्यवाही कर छोड़ दिया जाता है जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं । महादेव पार्टी ने जिला प्रशासन से गौ माता के हत्यारों पर ठोस कार्यवाही करने की बात कहते हुये चेतावनी दी है कि हमारे जिले में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो अन्यथा हिन्दु समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा ।


### समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**छिन्दवाडा।** कलेक्टर मनोज पुष्प के मार्गदर्शन में समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं जिला मुख्यालय के अधिकारी उपस्थित थे, जबकि सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल मौजूद रहे।

## संरक्षित वन क्षेत्र कक्ष क्रमांक 123 कैंपा मद पौधा रोपण क्षेत्र बना चरनोई

# तामिया जंगल में वनसंपदा की हो रही हानि

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया वन परिक्षेत्र जो की वन अधिनियम के खुला उल्लंघन का केंद्र बन गया है। वही वन भूमि में उत्खनन के नए-नए कारनामे सामने आने लगे हैं। जिनमें छोटा महादेव एवं उसी के उसके ऊपर की पहाड़ी में सीढ़ी निर्माण के लिए वन अधिनियम का खुला उल्लंघन किया गया? कझ क्रमांक 123 में तो चंद रूपयो की रेत की खातिर वन संपदा के रूप में प्राकृति द्वारा एवं कैंप मद से रोपे गये पौधों को ही रौंद डाला गया? ऐसा इसलिए हो रहा है।

कि वन विभाग के अधिकारियों का अपने ही रेंजर पर नियंत्रण नहीं होना? और रेंजर का अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर ना होना? जब उनसे अवैध काम करवाया जाएगा? तो उन पर कैसे नियंत्रण रखा जाएगा! इसका अंदाजा लगाया जा सकता है! लेकिन अब इसी 123 कक्ष क्रमांक में हालात ये हो गये है। कि संरक्षित वन भूमि जिसके चारों तरफ करोड़ो की फेंसिंग लगाई गई है। जिससे किसी प्रकार के पशु वन भूमि में प्रवेश न करें। लेकिन देखने में आ रहा है। कि दर्जनों पशु इस जंगल में ऐसे चर रहे हैं। कि यह जंगल ना होकर चरनोई क्षेत्र बन गया है। जिसमें जैसे पशु चराने की वन विभाग से अनुमति मिली हुई है।

ऐसा ही नजरा बीते दिन ग्राम पंचायत के पेयजल कुएं के पास के जंगल में दर्जनों पशु वन भूमि में चरते देखे गए। इस तरह तामियां में वन संपदा एवं जंगल की हानि आखिर कब तक होती रहेगी? इस पर अंकुश लगाना अब मुश्किल नजर आने लगा है क्योंकि जब रेंजर का अपने अधीनस्थों पर नियंत्रण नहीं होगा! तो जंगल के हाल यही होंगे? और वन संपदा एवं पेड़ पौधे इसी तरह मरते रहेंगे।

## विभिन्न मांगों को लेकर पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली ने बताया कि 29.01.2024 को मुख्यमंत्री के नाम से जिला कलेक्टर के माध्यम से सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें प्रमुख मांगें निम्नानुसार है मध्यप्रदेश/छत्तीसगढ़ राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49/6 को गलत परिभाषित कर पेंशनर्स को केन्द्र द्वारा घोषित मँहगाई राहत को राज्य में लागू करने के लिये दोनों राज्यों की सहमति को अनिवार्य किया जा रहा है, जिससे पेंशनरों को मँहगाई राहत देर से प्राप्त हो रहा है। पूर्व में संयुक्त सचिव गृह विभाग भारत सरकार नई दिल्ली (फाईल नंबर 17025/02/2017 शाखा का पत्र दिनांक 13.11.2017) के द्वारा प्रदेश के सभी मुख्य सचिवों को निर्देशित कर एक दूसरे राज्य की परस्पर सहमति की आवश्यकता नहीं है, इस आशय का पत्र जारी किया गया है ।

इस आदेश को शीघ्र लागू कर राहत दी जावे । पूर्व में म.प्र. सरकार द्वारा 24 दिसंबर 2021 को धारा 49/6 को विलोपित करने हेतु अशासकीय संकल्प भी पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा गया था, परंतु छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस विषय में कोई कदम नहीं उठाया गया था, इसलिये पेंशनरों में रोष है ।

# 6 लाख की सरकारी मशीनों पर लायंस क्लब का कब्जा

### लगातार खुल रही पोल, अब जांच का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला कलेक्टर द्वारा वर्ष 2012 में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदामेटा में जन भागीदारी योजना के अंतर्गत मरीजों के नेत्र संबंधी रोगों के निवारण हेतु छः लाख रुपए की मशीने लगवाई गई थी। जिसमे (1) आपरेटिंग माइक्रोस्कोप (2) केरोटोमीटर (3) विक्टोटॉमी यूनिट (4) इरीगेशन सिस्टम (5) रिफरेक्शन चेयर यूनिट (6) ए.सी. (एयर कंडीशनर) (7) रिलट लैंप (8) ए-स्कैन (9) ड्रेसिंग ट्रॉली (10) स्टूमेन्ट ट्रॉली (11) ओ.टी. टेबल (12) आई टॉवेल एवं गाउन (13) ड्रमयह समस्त मशीने चांदामेटा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल में आम जनता जनार्दन के नेत्र रोग संबंधी उपचार हेतु लगवाई गई थी। सभी मशीने निर्धन गरीबों को निःशुल्क अपनी सेवाएं दे रही थी। किंतु चालू हालत की ये सभी छः लाख रुपए की मशीने वर्ष 2013 में लायंस क्लब लायंस आई हॉस्पिटल परासिया ने अधिकारियों से मिली भगत कर इन सभी मशीनों को उखाड़कर अपने निजी अस्पताल परासिया में लगा लिया। और इन मशीनों से आम जनता जनार्दन से आंखों के रोग संबंधी इलाज के नाम पर रूपयों की उगाही करने लगे। आवेदक भगवान दास विश्वकर्मा वार्ड क्रमांक 4 निवासी चांदामेटा ने जनहित में इन सभी मशीनों को वापस शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदामेटा में वापस लगवाने हेतु माननीय जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा, पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा, सीएमएचओ छिंदवाड़ा एवं थाना परासिया में आज अपनी लिखित शिकायत दर्ज किया है। आवेदक का कहना है शासन प्रशासन शीघ्र अति शीघ्र कार्यवाही कर इन सभी मशीनों को वापस चांदामेटा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगवाए अन्यथा मैं आमरण अनशन पर बैठूंगा।

## गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में आयुष मंत्री के हस्ते सम्मानित हुए डॉ पवन नेमा

**छिंदवाडा।** जिले के योग नोडल अधिकारी डॉ पवन नेमा को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा दिल्ली आमंत्रित किया गया था ।समारोह में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के प्रत्येक जिले योग से प्रशिक्षको का चयन किया गया है छिंदवाड़ा से जिला आयुष अधिकारी डॉ दत्तात्रय भदाडे सर के मार्गदर्शन में डॉ पवन नेमा का चयन हुआ है । दिल्ली में प्रथम कार्यक्रम महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एवम फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में हुआ साथ ही दोपहर में केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल के साथ भोज में भी शामिल हुए । योग प्रशिक्षक डॉ पवन नेमा ने अपनी इस उपलब्धि के लिए जिला आयुष अधिकारी डॉ. दत्तात्रय भदाडे को विशेष धन्यवाद प्रेषित किया है। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पर जिला आयुष अधिकार महोदय द्वारा शुभकामनाएं दी गई ।



सौंसर कॉटन में खुला कपास का 8111 रुपये भाव : किसानों को कपास में अब किसानों को भाव बढ़कर मिल रहा है।

## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई



परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। छात्रों को भारत के भविष्य को आकार देने वाला बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है। परीक्षाओं से पहले छात्रों के साथ अपने आउटरीच कार्यक्रम के सातवें एपिसोड में बोलते हुए उन्होंने कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक इनोवेटिव हो गए हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे छात्र हमारे भविष्य को आकार देंगे। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित, परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम पिछले छह वर्षों से छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को शामिल कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ‟परीक्षा पे चर्चा का ये सांतवा एपिसोड है। ये प्रश्न हर बार आया है और अलग-अलग तरीके से आया है। इसका मतलब ये है कि सात सालों में सात अलग-अलग बैच इन परिस्थितियों से गुजरे हैं और हर नए बैच को भी इन्हीं समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों के बैच बदलते हैं लेकिन शिक्षकों के बैच नहीं बदलते। यदि शिक्षकों ने मेरे अब तक के एपिसोड्स की बातों का कुछ न कुछ अपने स्कूल में संबोधन किया हो तो शायद हम इस समस्या को धीरे-धीरे कम कर सकते हैं।‟ कार्यक्रम स्थल वीरांगना अवंति बाई शासकीय कन्या विद्यालय चौरई इस कार्यक्रम मे लगभग 1200 विद्यार्थी एवं 70-80 अभिभावक,व 100 शिक्षक के साथ मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा, अमित चौरसिया सिरपत नायक, संजय सुकांत जैन, कैलाश नारायण गौतम, बी ई ओ आर. के. बघेल, बी आर सी विजय पवार, आयोजक प्राचार्य रामजी वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरई उपस्थित रहे।

## क्रमोन्नति और उच्च पद प्रभार के आदेश के लिए सौंपा ज्ञापन

**छिंदवाड़ा** - 12 वर्ष में मिलने वाली क्रमोन्नति के लिए 17 वर्ष में भी आदेश नहीं प्राप्त हुए। आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि विगत अक्टूबर माह में क्रमोन्नति के आदेश देने मध्य प्रदेश शासन के आदेश जारी हो चुके किंतु छिंदवाड़ा जिले के प्रथम क्रमोन्नति प्राप्त करने वाले अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाओं के आदेश अनावश्यक विलंब किया जा रहे हैं जबकि अन्य जिलों के आदेश जारी किए जाने लगे हैं तथा उच्च पद प्रभार की काउंसलिंग अक्टूबर में हो चुकी है जिसके भी आदेश जबलपुर संभाग से जारी नहीं किया जा रहे हैं इससे नाराज होकर जिले भर के अध्यापक शिक्षक शिक्षिकाएं आज जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीएस बघेल से अपनी समस्याएं रखी और उनके निराकरण करने के लिए ज्ञापन सोपा जिलेभर से आए बड़ी संख्या में अध्यापकों ने शीघ्र आदेश जारी करने की मांग की है इसमे सुभाष पवार ओमकार उइके नंदिनी काकोड़िया संतोष सरेआम सतीश पवार कमल किशोर साहू पदमा वर्मा श्रीपाल उइके रविशंकर कुमरे सुनील धुर्वे जीपी परतेती अखिलेश तिवारी गिरधारी बंदेवार रवि सूर्यवंशी योगेश चरपे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## कर्मचारी संघ के कैलेंडर का कलेक्टर ने किया विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

मध्यप्रदेश तृतीय श्रेणी कर्मचारी संघ जिला पांढुरना के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन आज कलेक्टर अजय देव शर्मा ने किया। संघ जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर इंगले ने बताया कि संघ यह कैलेंडर विगत 24 वर्ष से निरंतर निकल प्रकाशित कर रहा है। इसमें संघ के पदाधिकारियों, शासकीय अवकाश, एच्छिक अवकाश, स्थानीय अवकाश के अलावा महत्वपूर्ण अधिकारियों, पत्रकारों और नेताओ के मोबाईल नम्बर के कि उल्लेख है। विमोचन अवसर पर में सर्वश्री चंद्रशेखर इंगले, रामगोपाल भोयर, शेषराव रेवतकर,ओंकार साहू, जग्गूलाल उइके, गणेश दुखी, जनार्दन खवसे, नंदिता धुर्वे, प्रकाश खावस्कर, रवि कुर्वे, रामजी देशमुख, कद्दू सर, सविता कथने, रंजना कोल्हे, विजय रहते के अलावा और भी कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्लोबल इनोवेटिव स्कूल में मनाया वार्षिक समारोह

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया




परासिया में दिनांक 28/01/2024 को शाला में अध्ययनरत छात्रों के पालको की उपस्थिति में वार्षिकोत्सव के अन्तर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें छात्र - छात्राओं के द्वारा मनमोहक दर्शनीय देश भक्ति एवं विभिन्न राज्यों के नृत्य का मंचन किया गया । कार्यक्रम में छिन्दवाड़ा की कदम संस्था के पदाधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कदम संस्था की प्रतिनिधि वैशाली मटकर ने कार्यक्रम में उपस्थित पालकों को पर्यावरण एवं पौधा रोपण के सम्बंध में प्रेरित करते हुए जानकारी दी। संस्था की संचालक एवं प्रशासनिक अधिकारी मंजू ओमप्रकाश जोशी के द्वारा संस्था के बारे में जानकारी देकर बताया गया , कि यह कार्यक्रम 5 वर्षो के पश्चात आयोजित किया गया । कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य धर्मेन्द्र शर्मा एवं संस्था के मार्गदर्शक के रूप में श्री ओ.पी. जोशी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव तथा कन्या शिक्षा परिसर परासिया के प्राचार्या सविता डेहरिया एवं संचालक राधा कन्हैयालाल राजलानी परिवार भी उपस्थित रहा । कई वर्षो पश्चात आयोजित इस कार्यक्रम का पालकों द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन कुमारी अनुराधा राय एवं कुमारी चित्रांशी बाथरी (कक्षा-11वीं) द्वारा किया गया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्राचार्या नाहिद अंजुम, तरूण कश्यप, जमील खान (शिक्षक) शाला की संगीत शिक्षिका संजू डेहरिया एवं डांस शिक्षक श्री राजा खान एवं कक्षा 11वीं 12वीं के छात्र - छात्राओं का विषेष योगदान रहा।

# आयशर ट्रक में थे 46 गौवंश, 3 की दम घुटने से मौत

### हिंदू संगठनो ने सभी को कराया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



राष्ट्रीय हिंदू सेना छात्र परिषद जिलाध्यक्ष विजय गौली ने बताया है कि आऐ दिन गौवंश तस्करी भारी मात्रा मे जिला छत्रपुर व नरसिंहपुर कि ओर से गौवंश से भरी गाडिया आ रही है ओर आऐ दिन अमरवाडा सिंगोडी छिंदवाडा.से होते हुऐ निकल जा रही है लेकिन हिंदूवादी संगठन व पुलिस के सहयोग से ट्रक पकडा रहे है पर गौवंश तस्कर तस्करी करना बंद नही कर रहे है फिर सोमवार की सुबह 8बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक गौवंश से भरा आयसर बाहन नरसिंपुर से आ रहा है तभी हिंदु संगठनों की मुस्तेदी के चलते गौ वंश से भरा ट्रक क्रमांक Cg04NZ1776 को बैरिकेट लगाकर सिंगोडी बायपास मे रोकने का प्रयास किया लेकिन ट्रक नही रूका फिर बनगांव मे ट्रको का जाम लगाकर रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक इतना शातिर निकला कि ट्रक घुमाकर फिर सिंगोडी की तरफ भागने लगा ट्रक चालक ने फिर सिंगोडी चौकी मे ट्रक रोका जिसमे तीन गौवंश तस्कर बैठे थे ट्रक खोलकर देखा गया तो उसमे डबल पाटेशन मे क्रूरतापूर्वक गौवंश भरे हुऐ थे भूखे प्यासे थे इन गौवंशों को महाराष्ट्र कत्लखाना वध हेतु ले जाया जा रहा था । सिंगोडी पुलिस के सहयोग से सभी गौवंश को कृष्ण बलराम गौशाला पटनिया में सुरक्षित उतार दिया गया कुल 46 गौवंश जिसमे 3की दम घुटने से मौत हो गयी जिनका हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार कराया गया ।आज की कार्यवाही में राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत राष्ट्रीय हिंदू सेना छात्र परिषद जिला अध्यक्ष विजय गौली पीयूष चन्द्रवंशी आकाश ठाकुर हनी राजपूत आकाश चंद्रवंशी शुभम लोहार कमलेश चंद्रवंशी करन वनबारी रितिक माराठा अर्जुन बनवारी सत्यम साहू आदि का सहयोग रहा।

## दूरदर्शन पर पीएम के संदेश को छिंदवाड़ा में विद्यार्थियों, अभिभावकों व अन्य लोगों ने देखा व सुना

**छिन्दवाडा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बहुप्रतीक्षित ‟परीक्षा पे चर्चा‟ कार्यक्रम के माध्यम से आज देश के लाखों विद्यार्थियों को परीक्षा से संबंधित संदेश दिया गया। यह कार्यक्रम नई दिल्ली के आईटीपीओ के प्रगति मैदान के भारत मंडपम में प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुआ, जिसका प्रसारण विभिन्न टीवी चैनल्स के माध्यम से देखा व सुना गया । इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को दूरदर्शन के चैनल के माध्यम से केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-एक छिंदवाड़ा में कक्षा छठी से बारहवीं तक के लगभग 1400 विद्यार्थी, 250 अभिभावकगण, 70 शिक्षक-शिक्षिका और विद्यालयीन कर्मचारियों द्वारा देखा गया। इस कार्यक्रम के प्रसारण को देखने के लिये विद्यालय द्वारा सभा प्रांगण में 12X8 फीट के एक विशाल प्रोजेक्टर की व्यवस्था के साथ ही 6 ई-क्लासरूम, 3 प्रोजेक्टर्स की प्रयोगशाला में भी सुविधा की गई थी तथा सभी विद्यार्थियों के लिए उत्तम बैठक व्यवस्था की गई थी।

### कुंभपानी बफरजोन मे अनुभूति कार्यक्रम मे पहुंचे विधायक सुजीत सिंह चौधरी।

# कुभंपानी में अनुभुति कार्यक्रम का समापन, प्रसन्न हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ



सोमवार को कुंभपानी बफरजोन मे अनुभूति कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यकम का शुभांरभ चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी के मुख्य अतिथि मे मां सरस्वती की पूजा अर्जना की गई तत्पश्चात कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने प्रातः नेचर ट्रेल विचरण एवं वनभ्रमण किया जिसमें बच्चों को वन एवं वन्यजीव का साक्षात्कार कराया गया एंव संरक्षण पर्यावरण एवं ईको पर्यटन विकास विभाग कि मशां के अनुरूप जगंल से सटे गाँव के स्कूली बच्चो की समझ को विकसित करने का प्रयास किया गया बच्चों को जंगल के अंदर ट्रेकिंग पक्षी दर्शन वन्यप्राणियों पेड-पौधों की पहचान एवं महत्व को मास्टर ट्रेनर सजंय नामदेव.देव आशीष डेहरिया.शत्रुधन मरकाम सारीका के द्वारा बताया गया।दोपहर भोजन उपरांत क्विज प्रतियोगगिता, अनुभुति कार्यक्रम से संबंधित प्रश्नमंच कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें सिगांरदिप एकलव्य स्कूल खमरा स्कूल डोला स्कूल थोटामाल स्कूल पाथरी के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तदुपरान्त बच्चों को विधायक जी के हस्ते पुरुस्कार वितरण किया गया पुरस्कार मे कपडे का थैला पानी बाटल जगंल से संबंधित लिटरेचर कैलेंडर स्कार्फ और कई समग्री पाकर बच्चे मन ही मन खुश दिखाई दिए कार्यक्रम में मुख्य रूप पुर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र पटेल क्षेत्रीय अध्यक्ष भुरा पटेल पुर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष असलम खान हेमराज मंडेकर सरपंच स्थानीय जनप्रतिनिधि सम्मिलित रहे, तथा वन एवं वन्यप्राणियों के विषय पर विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने छात्र छात्राए से रूबरू होकर अनुभूति मे आकर क्या सिखा पूछने पर बच्चो के द्वारा अपना अनुभव साझा किया एवं उपस्थित विद्यार्थियों को वनसंरक्षण के प्रति जागरूक किया तथा बच्चो को जानकारी दिया कि।जगंल मे आग नही लगाना है पेड नही काटना पेड हमे आक्सीजन देते है बाघ जगंल कि रक्षा करते है पेड के नीचे साडी बोरी फट्टी बिछाकर महुआ जमा करने पर वन विभाग 100रू तक के किमत मे महुआ खरीदकर अच्छे दाम देगा इसी प्रकार से अनेको जानकारी से ग्रामीण बच्चो को रूबरू हुए बच्चो ने खेल के माध्यम से जगंल मे होने वाली गतिवीधी से अवगत हुए केटवॅक बटर फ्लाई कि आक्रती बनाया ड्रोन से तस्वीर के भी मजे लिये।इसके पश्चात कार्यकम की समाप्ति की गई।अनुभूति कार्यक्रम में सहायक सचांलक बी.पी.तिवारी.आर ओ.मार्तण्ड सिंह मरावी डॉ.बालगोवींद पंद्रे, डॉ.निधी सूर्यवंशी चिकित्सा अधिकारी, परिक्षेत्र सहायक महेश कुमार उईके,सुखराम उईके,लाकेश बोबडे ,कन्हैयालाल धुर्वे आदि मौजूद रहे।

### देश भक्ति कार्यक्रमों ने जमकर तालियां बटौरी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने सबका मनमोहा

# वार्षिकोत्सव के माध्यम से निखारती है विद्यार्थियों की प्रतिभा: चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

बिछुआ विकासखंड के ग्राम देवरी के शारदा शिशु मंदिर विद्यालय में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में चौरई विधायक सुजीत चौधरी जिला कांग्रेस महामंत्री इन्द्रपाल सिंह पटेल ब्लॉग कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष लेखराम मालवीय, अनिल चौरसिया, प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील साहू, विद्यालय संचालक बी.एल साहू, प्राचार्य सविता साहू, सरपंच संजीव उईके समेत पालक अविभावक मिडिया कर्मी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत विधालय प्रबंधन के द्वारा भव्यता पुर्वक किया गया। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम में स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए चौरई विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने कहा कि वार्षिकोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी कला कौशल प्रदर्शन करने का उचित अवसर मिलता है, ग्रामीण परिवेश होने के वाबजूद भी संस्था के द्वारा बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है जो प्रशंसानीय है। श्री चौधरी ने विद्यालय के विद्यार्थियों को कहा कि सतत मेहनत के माध्यम से बड़े से बड़े लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है उन्होंने संस्था के उज्जवल भविष्य के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति को बधाई दी। देश भक्ति कार्यक्रमों ने जमकर तालियां बटौरी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं अभिभावक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी आत्मीय आभार प्रकट किया।

### म.प्र. राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की प्रांतीय कार्यशाला में शामिल होगे जिले के दो समाजसेवी

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय आडीटोरीयम हॉल भोपाल में आज 29 जनवरी 2024 को सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह जी के मुख्य आतिथ्य में एवम अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग के विशिष्ठ आतिथ्य में आमंत्रित सामान्य वर्ग आयोग जिला प्रतिनिधि के रूप में दो समाज सेवियों को शामिल किया गया है।जिले के कलेक्टर मनोज पुष्प जी एवम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पार्थ जायसवाल के निर्देशन में प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवम एस डी एम सुधीर जैन एवम समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी अनिल भारती के मार्गदर्शन में जिले में नशा बंदी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवी पंडित राकेश शर्मा एवम पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पर्यावरण चिंतक, शिक्षा विद राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त समाजसेवी विनोद तिवारी को उक्त कार्यशाला में शामिल होने निर्देशित किया गया है।ज्ञात हो कि गत वर्ष भी सामान्य वर्ग कल्याण आयोग की प्रांतीय बैठक में जिले से दोनो समाजसेवीयो ने भाग लिया था। उक्त कार्यशाला में प्रदेश के प्रत्येक जिले से दो दो प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।जो सामान्य वर्ष कल्याण की कार्ययोजना में अपने सुझाव देगे एवम प्रदेश स्तरीय कार्ययोजना को सम्पूर्ण प्रदेश में सामान्य वर्ग के कल्याण हेतु लाभकारी हो इस हेतु विचारो का मंथन करेगे।

### भंसाली विद्या मंदिर में रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ आयोजन

**सौंसर।** गणतंत्र दिवस पर शासकीय अर्थशास्त्र के कार्यालय के साथ-साथ स्कूलों में भी विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।भंसाली विद्या मंदिर सातनुर में हर्ष उल्लास ध्वजारोहण पी टी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ में गणतंत्र दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भंसाली कंपनी के जी एम दिलीप शेन्दरे क्यों उपस्थिति में राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण परेड का निरीक्षण किया गया परेड को सलामी दी गई।छात्र छात्राओं ने भाषण ,कविताएं, देश भक्ति गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किया। रंगारंग कार्यक्रमों में सबील अहमद खान के निर्देशन में देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। श्रीमती कंचन गेडाम सुनील यादव के निर्देशन में परेड तथा डम्बेल्स प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य ज़हीर अहमद पटेल की संकल्पना थी। नृत्य निर्देशन श्रीमती रीता खान ,श्रीमती दीपिका तीनखेडे,श्रीमती कुसुम पवार द्वारा किया गया।श्रीमती मनीषा निखाड़े, राजेश मोरे, कैलाश कुलकर्णी,सुनील यादव प्रमुख रूप से शामिल थे।कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2023 -24 की अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में प्रथम पुरस्कार एवं बेस्ट परेड परफॉर्मेंस का अवार्ड गंगा हाउस को प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सपना जैन सुश्री प्रज्ञा बोहरपी द्वारा किया गया।



## चिल्ड्रन पार्क में इस वर्ष सामूहिक कार्यक्रम फीका नजर आया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

प्रतिवर्ष अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह का सामूहिक कार्यक्रम स्थान चिल्ड्रन पार्क दमुआ में आयोजित किया जाता है जहां राष्ट्रीय पर्व का आयोजन सभी की उपस्थिति में हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाया जाता है, परंतु इस वर्ष यह कार्यक्रम आयोजन में कुछ सभापति गण, पार्षद गण ,नगर पालिका उपाध्यक्ष की उपस्थिति नजर नहीं आई ना जाने क्या कारण है जब हमारे संवाददाता ने गहन रूप से पूछताछ की तो पता चला कि नगर पालिका दमुआ अध्यक्ष की कार्य प्रणाली से नाराज होकर अधिकृत पार्षद गण ,सभापति ,नगर पालिका उपाध्यक्ष सहित विपक्ष के पार्षद गण भी राष्ट्रीय कार्यक्रम आयोजन में नजर नहीं आए और जब मंचसंचालन किया जा रहा था तो स्थानीय संवाददाता के अन्य अखबार से जुड़े प्रिंट मीडिया के लोगों का नाम तक नहीं लिया गया मंच संचालन से गिने-चुने दो-तीन लोगों के ही नाम लिए गए और हमारे दैनिक अखबार से जुड़े स्थानीय संवाददाताओं के नाम मंच संचालन में नहीं लिए गए ।देखने में यह भी आया कि दर्शक यहां-वहां बैठे नजर आए पंडाल में सही बैठक व्यवस्था तक नहीं बनाई गई थी ।किसी को कुर्सी मिली तो किसी को कुर्सी भी नहीं मिल पाई ऐसी स्थिति कुर्सियों की कमी महसूस की गई जबकि पंडाल भी पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष छोटा पंडाल लगाया गया था, जिससे लोगों को भी पंडाल से बाहर चिलचिलाती धूप में खड़े होकर कार्यक्रम देखना पड़ा ,इस तरह नागरिकों को अव्यवस्था का सामना करना पड़ा।स्कूली बच्चों को मिष्ठान वितरित नहीं किया गया और बच्चे चिलचिलाती धूप में पानी पीने के लिए तड़पते नजर आए। कई स्कूली बच्चे अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुति तक नहीं दे पाए जिसकी वजह से बच्चों को भारी निराशा हुई और इन सब अव्यवस्थाओं पर ध्यान न देते हुए जवाबदार लोग कार्यक्रम में नगर पालिका के ही लोगों को प्रोत्साहित करने में नजर आए।

### श्री राम जन्मभूमि में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर प्रसाद किया वितरण

**दमुआ-** 22 जनवरी दिन सोमवार में श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में प्रभु श्री राम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दमुआ नगर के समीप दमुआ-सारणी मार्ग में झिरीघाट वाले बाबा जी हनुमान जी महाराज के मंदिर में प्रसाद वितरण किया गया, झिरीघाट हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों एवं श्री राम भक्तों के सहयोग से हनुमान जी महाराज के मंदिर में पूजन अर्चना कर हनुमान चालीसा का पाठ आरती हवन पूजन महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। जो प्रातः काल से लेकर संध्याकाल तक कार्यक्रम चला रहा जहां भारी संख्या में आने जाने वाले भक्त श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

## सात दिवसीय 11 कुंडीय मारुति महायज्ञ की पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

अयोध्या में प्रभु श्री राम के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दमुआ श्री सती अनुसूईया माता मंदिर सेवा धाम समिति ,हनुमान टेकड़ी हनुमान दफाई दमुआ में आयोजित होने वाला कार्यक्रम सप्त दिवसीय 11 कुंडीय मारुति महायज्ञ और श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का छठा दिवस जिसमें दिनांक 28 जनवरी 2024 दिन रविवार को 11 कुंडीय मारुति महायज्ञ मे यजमानों द्वारा पूर्णाहुति संपन्न की गई । मारुति महायज्ञ में विशालानंद महाराज, रविकांत महाराज, अमित महाराज ,नर्मदेश्वर महाराज, अनुराग महाराज, पुंडरीक महाराज द्वारा हनुमान जी महाराज ,भोले बाबा का अभिषेक कराया गया व यज्ञ में हवन पूजन पूजन कर भक्तों द्वारा पूर्णाहुति संपन्न की गई । यज्ञ में समस्त नगरवासीजन सम्मिलित हुए, यज्ञ के पश्चात श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन कथा व्यास अनुग्रह सागर जी महाराज वृंदावन धाम दमुआ वाले संपर्क सूत्रः- 8962327771,द्वारा अक्रूर जी का वृंदावन आगमन ,श्री कृष्ण द्वारा कंस वध की कथा एवं श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह की कथा का वर्णन किया।

## अनुभूति कार्यक्रम में पहुंचकर विद्यार्थियों ने जंगल की सैर की और महत्व को समझा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

मध्य प्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर श्रीमती समिता राजोरा भारतीय वन सेवा अपर प्रधान वनरक्षक वन्य प्राणी संरक्षण एवं छिंदवाड़ा वन के सीसीएफ मधु वि राज पश्चिम मंडल के वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देशन में तथा एसडीओ वन परासिया विजेंद्र खोब्रागड़े के मार्गदर्शन में मार्गदर्शन में दमुआ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत दिनांक 23 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को दमुआ रेंज के तहत कांगला डैम के पास कुलामऊ के जंगल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां मास्टर ट्रेनर श्री गोस्वामी जी के द्वारा वन्य प्राणी, पशु पक्षी ,जानवर जीव जंतु आदि सहित पर्यावरण वनस्पति कीमती वृक्ष जंगल वनों से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की जबकि अनुभूति कार्यक्रम में वन्य प्राणियों व वनों के महत्व के विषय में समझाया गया और वनों को वन्य प्राणियों का स्वर्ग कहा गया जबकि कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री धर्मेंद्र शर्मा जी सहितवन परिक्षेत्र दमुआ के समस्त अधिकारी गण, नाकेदार, वनरक्षक, स्कूल के विद्यार्थी ,शिक्षक शिक्षिकाएं ,पत्रकार बंधु,सरपंच ,जनपद सदस्य ,जनप्रतिनिधि ,ग्रामीण जन सहित वन परिक्षेत्र से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे इस तरह दिनांक 23जनवरी 2024 दिन मंगलवार को वन परिक्षेत्र दमुआ रेंज के तहत तवा नदी के किनारे घने जंगल में पहुंचकर अनुभूति कार्यक्रम में स्कूली बच्चों छात्र छात्रों ने भ्रमण किया जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सब डिवीजन फॉरेस्ट ऑफिसर परासिया एसडीओ श्री विजेंद्र खोब्रागड़े एवं वन परीकक्षेत्र अधिकारी दमुआ श्री धर्मेंद्र शर्मा जी सहित रामपुर के सरपंच श्री शिव गोपाल धुर्वे मौजूद थे।

### नहलेसरा अमृत सरोवर के पास 04 दिन से बांस में लटका रहा तिरंगा

# राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान, फहराने के बाद उतारना भूले जिम्मेदार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश के सम्मान का प्रतीक है और इसका सत्कार करना हम सभी का कर्तव्य है परंतु यहां जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कोड़मी के नहलेसरा में देखने में आया है कि जिम्मेदारों की लापरवाही की वजह से राष्ट्रध्वज का अपमान हुआ है. 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को नहलेसरा के अमृत सरोवर में ध्वजारोहण तो किया किया गया किन्तु आज 29 जनवरी तक ध्वज को उतारा तक नहीं गया. राष्ट्रध्वज तिरंगा यहां एक बांस में उल्टा लटका हुआ पाया गया है. सूचना मिलने पर जनपद पंचायत, सरपंच, उपसरपंच और पंच मौके पर पहुंचे बताया जा रहा है कि ग्राम रोजगार सहायक को ध्वज उतारने की जिम्मेदारी दी गई थी किन्तु उन्होंने अपना दायित्व का निर्वहन नहीं किया जिस कारण राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का अपमान हुआ है. पंचायत प्रतिनिधियों ने रोजगार सहायक पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की मांग की है. इस पूरे मामले की बकायदा अधिकारियों से दूरभाष पर शिकायत की जा चुकी है. गौरतलब हो कि नहलेसरा अमृत सरोवर के पास जिस तरीके से ध्वज को एक साधारण से बांस में फहराया गया था उससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि ध्वजारोहण के दौरान भारतीय ध्वज संहिता का पालन नहीं किया गया. हालांकि रोजगार सहायक ने बताया कि उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति को ध्वज उतारने के लिए कहा था और ध्वज को उतार भी लिया गया था उन्हें आपसी वैमनस्यता के चलते फंसाने की कोशिश की जा रही है।



विदित हो कि राष्ट्रीय ध्वज देश के लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है. यह राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है और राष्ट्रीय ध्वज के लिए नागरिकों का सार्वभौमिक स्नेह, सम्मान और वफादारी होनी चाहिए. राष्ट्रीय ध्वज का महत्व केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में हैं. इस बात से सभी देशवासी भलीभांति वाकिफ भी है. नहलेसरा के ग्रामीणों ने बताया कि अमृत सरोवर के पास परंपरा के मुताबिक गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया था शाम होने से पहले तिरंगे को उतार लेना चाहिए था लेकिन 29 जनवरी तक राष्ट्रीय ध्वज बांस के सहारे ही लटका रहा. इसे देखकर ग्रामीण चकित रह गए. इस पर कुछ ग्रामीणों ने इसका वीडियो बना लिया और समय भी नोट कर लिया. अब देखना है कि इस मामले में विभागीय स्तर पर किस तरह की कार्रवाई होती है।

### इनका कहना है

26 जनवरी को राष्ट्रध्वज फहराया गया था इसे उतारने की जिम्मेदारी ग्राम रोजगार सहायक की थी लेकिन 29 जनवरी तक ध्वज नहीं उतारा गया. हमने अधिकारियों से शिकायत की है।

**मोहन राहंगडाले उपसरपंच**

### कैरियर स्कूल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया

**वारासिवनी।** स्थानीय कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं जन अभियान परिषद नवांकुर द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान माला के अंतर्गत स्कूल संचालक प्राचार्य निरंजन बिसेन द्वारा मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं सहित नवांकुर को प्रेरित किया गया कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु प्रेरित कर उनकी सहायता करें। इसके अतिरिक्त एक विशाल रैली भी निकाली गई, जो ग्राम पंचायत सिकन्द्रा एवं शहर के वार्ड क्रं. 1 एवं 2 का भ्रमण करते हुए पुनः स्कूल पहुंच कर समाप्त हो गई। व्याख्यान माला एवं समारोह का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## बालाघाट के गौरव, देश की शान : भोपाल एकेडमी बालाघाट मे आयोजित किया गया जिला सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ब्रिजेश मिश्रा (सी टाइम्स ब्यूरो बालाघाट)आशीष माइकल,नरेंद्र धुवारे समाजसेवी एवं भोपाल एकेडमी बालाघाट के फाउंडर एवं सीईओ संदीप सोनगड़े सर के द्वारा भव्य रूप से आयोजन किया गया, जिसमे MPPSC और UPSC में चयनित विद्यार्थियों काकु दीपिका शरणागत UPSC एग्जाम से जियोलॉजिस्ट बनी, सिद्धांत बागड़े एसिटेंट डायरेक्टर, गजेंद्र प्रसाद नगपुरे CMO, तेजश्विनी मार्सकोले टैक्स इंस्पेक्टर, नवीन बोरकर ट्रेसरी ऑफिसर, अंकित उके एसिटेंट ऑफिसर , आशीष मरावी CMO, मनीष बोरकर AO / BDO, मलय बाजपई नायब तहसीलदार, और बादल पटले वेटनरी ऑफिसर ,डिप्टी कलेक्टर दीपक मरावी और डीएसपी मासूम पटलेका सम्मान किया गया। इनके मोटिवेशन स्पीच दी गईएवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अशोक चैबे को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर जी , भवानी शंकर टेकडीवाल, चंद्रकांत पिपलेवार उपस्थित थे,इस प्रोग्राम मे सभी चयनित आफिसर के परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### लांजी विधायक राजकुमार कराहे भी शामिल हुए समापन कार्यक्रम में

# आ अब लौट चले गांव की ओर स्व राजू चौकसे की स्मृति मे क्रिकेट स्पर्धा का समापन

हरिभूमि न्यूज उकवा।



आ अब लौट चले कार्यक्रम एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में गांव से दूर बड़े शहरो में 25- 30 वर्षो से रहकर नौकरी कर रहे उकवा क्षेत्र के खिलाडी उकवा पहुँच कर अपनी सहभागिता निभाई । क्रिकेट के जनक कहे जाने वाले खिलाडी स्व राजू चौकसे की स्म्रति में दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 जनवरी को किया गया इस प्रतियोगिता में गांव के ही विभिन्न प्रान्तों में रहरहे वरिष्ट खिलाडीयो ने हिस्सा लिया । मुख्य अतिथि श्री राजकुमार कराहे विधायक लांजी, सुश्री अनसूईया क्षत्रिया सरपंच ग्राम पंचायत उकवा सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक आतिस केतन रावल की उपस्थिति में प्रतियोगिता का फाईनल मैच आतिश ईलेवन एवं केतन इलेवन के बिच खेला गया जिसमे आतिश ईलेवन की टीम विजेता रही । मैच में एम्पायर की भूमिका प्रदीप दीप एवं मेहतर नाग ने निभाई ।

सर्व धर्म समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक ने पूरी जानकारी देते हुए बताया की इस कार्यक्रम की योजना गांव के ही पुराने मित्रो ने मिलकर बनाई की एक बार वो सभी खिलाडी साथी जो की 30 वर्ष पूर्व इसी गांव में अपनी अपनी टीमो के लीये खेला करते थे एवं साथ पढ़ाई भी किया करते थे जो वर्तमान में बड़े महानगरो एवं विदेशो में उच्च पदपर पहुँच कर अपनी सेवाएं दे रहे है उन सभी को एक मंच प्रदान कर एक साथ गांव कैसे बुलाया जाये । इसके लिए एक क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे वो सभी खिलाडी जो कई वर्ष पहले खेला करते थे उन्हें उनकी जो भी टीम जो उस समय हुआ करती थी उसके खिलाडीयो से संपर्क कर उन्हें गांव आने का बुलावा भेजा गया। पूरे आयोजन में इनका रहा सराहनीय सहयोग संतोष सोनी, तरुण रावल, ओमेन्द्र बिसेन, पिंटू चौकसे, सुनील उईके, धनराज कोकोडे, दर्शन दीप, एडवोकेट अजय बिसेन, डॉ दिनेश गेडाम, भीम कोमल।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में नेताओं ने कार्यकर्ताओं को दी जीत की बधाई

# हार को सहन नहीं कर पा रहे विरोधी : विवेक पटेल

### विभिन्न समाजों के अध्यक्ष व लोगों को वोट ना देने की बात कहकर चमकाया जा रहा हैं

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर और विधानसभा चुनाव में जीत के बाद आभार प्रदर्शन के लिए वारासिवनी के डॉ. आंबेडकर भवन में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में विधायक विवेक विक्की पटेल ने पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल पर जमकर शब्दों के बाण छोड़े।

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि आज भी विरोधी अपनी हार को सहन नहीं कर पा रहे हैं, नगर के विभिन्न समाजों के अध्यक्षों को बुला कर वोट नहीं दिया कहकर चमकाया जा रहा है, नगरपालिका के माध्यम से लोगों को परेशान किया जा रहा है। मैं नगरपालिका में जाना नहीं चाहता था, लेकिन शिकायत मिलने पर नगरपालिका गया था और सीएमओ को चेतावनी देकर आया हूँ कि नागरिकों को कोई परेशानी होगी, तो मैं परेशान रहूँगा और मैं परेशान रहूँगा, तो अधिकारी भी परेशान होंगे। इसीलिए जनता को परेशान ना करे।

**छोटी मानसिकता वालों सुधर जाओ:** विधायक विवेक पटेल ने कहा कि रविवार की दोपहर में नगर के गांधी बाल उद्यान में शहर की कुछ महिलाओं द्वारा हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम करवाया जाने वाला था। जिसकी जानकारी नगरपालिका के अधिकारियों को पहले ही दे दी गई थी, मगर छोटी मानसिकता रखने वाले नेताओं के इशारे पर बगीचे में ताला लगा दिया गया। मगर उसके बाद खुद महिलाओं ने पिछले दरवाजे का ताला तोडक़र वहाँ शानदार कार्यक्रम करवाया। ऐसी हरकत करने वालों अब सुधर जाओ, जनता ने आपको जवाब दे दिया हैं।



**जनता को धोखा देने वालों को जनता ने सबक सिखाया:** उन्होंने कहा कि जनता को धोखा देने वालों को जनता ने ही सबक सीखा दिया हैं। उन्हें अभी भी सम्हल जाना चाहिए। मेरे क्षेत्र की जनता मेरे लिए एक समान हैं और विकास की गाथा क्षेत्र में बिना भेदभाव के लिखी जायेगी। कांग्रेस की जीत में सभी का योगदान रहा हैं। इसी कारण किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। क्षेत्र के सभी ग्रामो में विकास का एक नया आयाम लिखा जायेगा। पहले किसने क्या किया? मुझे नहीं मालूम। मगर मुझे मेरे क्षेत्र का बहुत विकास करवाना हैं। इसके लिए कोई कितना भी विरोध करे, मैं उन्हें काम करके जवाब दूंगा। जो लोग हार को स्वीकार ना करते हुए जनादेश का अपमान कर रहे हैं और नगर के विभिन्न समाज के अध्यक्ष सहित कुछ लोगों को वोट नहीं दिया करके चमका रहे हैं, मैं उसकी कड़ी निंदा करता हूँ।

**कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी:** उल्लेखनीय हैं कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद भाजपा पार्टी ने पूर्ण बहुमत से सरकार बना ली हैं। मगर बालाघाट जिले की 6 विधानसभा सीटों में से 4 सीटों में कांग्रेस ने विजयश्री हासिल कर अपना दबदबा बनाया हुआ हैं। इसी के चलते अब कांग्रेसियो में जोश दिखाई दे रहा हैं, यही जोश कायम रखने के लिए नगर के आम्बेडकर भवन में कांग्रेसियों ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया।

### ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में विधायक पटेल ने फहराया राष्ट्र ध्वज

**वारासिवनी।** नगर व क्षेत्र में गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में विधायक विवेक विक्की पटेल व अन्य अतिथियों द्वारा महात्मा गॉधी, मॉ सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद विधायक विवेक पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद जन मन गण का गान हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक पटेल ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाऍ देते हुए उन्हें पार्टी हित में कार्य करने की बात कही। इस मौके पर भूतपूर्व नपा अध्यक्ष धवल मॉडल, रामकिशोर बिसेन, राजकुमार चौधरी, रितिक, उज्जवल, सत्तू बिसेन, विवेक जुझार, सुदेश सोनी, निधि माडल, हरि क्षीरसागर सहित अनेंक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### 25 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यालय के गोंडी मोहल्ला, महामाया वार्ड, भैरोगंज निवासी 25 वर्षीय युवक सचिन बसगोत्रा पिता घसीटा बसगोत्रा ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। सचिन बसगोत्रा मजदूरी करता था। आज दोपहर लगभग 1:30 बजे जब सचिन का बड़ा भाई संजय बाहर से काम करके जब वह घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंद पाया।


### स्वतंत्रता संग्राम शहीदों की स्मृति में रखा जाएगा दो मिनट का मौन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रत्येक वर्ष 30 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान करने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। शासन की निर्देशानुसार प्रातः 11 बजे प्रत्येक व्यक्ति जहां हो सायरन बजने के उपरांत यथा स्थान खड़े होकर दो मिनट का मौन अवश्य रखे।

# पिस्टल छिपाकर ले जा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

लखनादौन थाना अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 44 मड़ई टोल प्लाजा के समीप एक बाइक सवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल जब्त की गई है। रविवार रात के समय लखनादौन पुलिस को सूचना मिली थी कि बाइक में अवैध हथियार की तस्करी की जा रही है। जिसके बाद पुलिस अमला मौके पर पहुंचा। चेकिंग के दौरान एक युवक पकड़ाया, जो बाइक में पिस्टल छुपाकर ले जा रहा था, जिसे गिरफ्तार और पिस्टल को जब्त किया गया। पिस्टल सहित पकड़ाया बाइक सवार जबलपुर निवासी है। वह कहां जा रहा था, किस उद्देश्य से



पिस्टल रखकर ले जा रहा था, इसका पता नहीं चल पाया है। लखनादौन एसडीओपी अरूप भलावी का कहना है कि पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पहले तो सोनू बताया था। बाद में आनंद तिवारी पिता गोविंद तिवारी धनवंतरी नगर जबलपुर का रहने वाला बताया, लेकिन अभी तक उसने यह नहीं बताया कि बाइक से वह कहां जा रहा था। इसके पास से देशी पिस्टल मिली है, हो सकता है ये आपराधिक प्रवृत्ति का हो।फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

### स्व.सेठ गुलाबचंद खण्डेलवाल के नाम से जाना जायेगा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक/ 6/ 2017/ 391 भोपाल दिनांक 21 जुलाई 2017 में शासकीय शालाओं के नामकरण के संबंध में राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला योजना समिति की बैठक दिनांक 22.09.2022 में सर्वसम्मति के लिए गए निर्णय अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुरिया वि.ख.कुरई जिला सिवनी का नाम स्व.सेठ गुलाबचंद खण्डेलवाल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टुरिया किया गया है।

# अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर सतत कार्रवाई जारी

**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के आदेशों के आदेशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सतत कार्यवाही की जा रही हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा 15 जनवरी 2024 से 28 जनवरी 2024 तक वृत्त उत्तर में 22 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 109355/-रू. अनुमानित मूल्य की 97.88 ब.ली.मदिरा एवं 850 कि.ग्रा महुआ लाहन को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

इसी तरह दक्षिण में 11 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 40.34 ब.ली.मदिरा एवं 1200 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 130292/-रू., वृत्त शहर में 19 प्रकरण पंजीबद्ध करने हुए 78.3 ब.ली.मदिरा एवं 900 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 109620/-रू., वृत्त लखनादौन में 09 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 38.52 ब.ली. मदिरा एवं 60 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 15547/-रू. तथा वृत्त घंसौर में 15 प्रकरण पंजीबधद करते हुए 88.96 ब.ली. मदिरा एवं 600 कि.ग्रा महुआ लाहन अनुमानित मूल्य 81826/-रू. जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई।

### कलेक्टर श्री सिंघल ने किया एफएलसी कार्यवाही का अवलोकन

**सिवनी।** कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने सोमवार 29 जनवरी को ईवीएम वेयर हाउस पहुंचकर लोकसभा निर्वाचन के लिए की जा रही ईवीएम मशीनों की एफएलसी कार्यवाही का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

जिले के सेलुआ गांव के एक घर में महिला का शव फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना किंदरई थाना क्षेत्र में रविवार रात को हुई। परिजनों की सुचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए घंसौर अस्पताल में लाया गया। मामले में जांच की जा रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के घंसौर विकासखंड के अंतर्गत आने वाले किंदरई थाना क्षेत्र के सेलुआ गांव में रविवार रात संतोषी पति घनश्याम झरिया (28) का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो उन्हें महिला का शव मिला, इसके बाद उन्होंने पुलिस को मामले की सुचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए घंसौर अस्पताल में लाया गया। फिलहाल पुलिस मामले में परिजनों से पूछताछ कर रही है।

घंसौर एसडीओपी नम्रता सोंधिया ने बताया कि 7 माह पहले महिला का विवाह हुआ था। उसनेआत्महत्या क्यों कि? इस बात का पता लगाया जा रहा है। परिजनों से बयान लिए जा रहे है।

# विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के कलेक्टर ने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 29 जनवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप सहित सभी अनुविभागीय अधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री सिंघल ने सीएम हेल्पलाईन में दर्ज प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर सभी जिला अधिकारियों 50 दिवस से अधिक समय से लंबित एवं जिलेवार रैंकिंग के लिए चयनित शिकायतों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने



विभागवार लंबित समय सीमा में दर्ज एवं जन सुनवाई के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित एवं विडियों कांफ्रेसिंग से जुडे राजस्व अधिकारियों को राजस्व महाभियान को सर्वप्राथमिकता में लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने कार्यपालिक मजिस्ट्रेट सहित सभी सीएमओ को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार कहीं भी खुले में मांस-मछली दुकानें संचालित न हो, चिन्हांकित स्थानों पर ही विधिवत अनुमति उपरांत ही दुकानें संचालित की जायें यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंघल ने बैठक में उपस्थित उपसंचालक कृषि से जिले में वर्तमान लगाई गई फसल एवं उनकी स्थिति संबंधी जानकारी प्राप्त कर निर्देशित किया कि किसानों की सुविधा के लिए फसल में लगने वाली मौसमी बीमारियों के निदान एवं फसलों के बेहतर प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए समसमायिक सलाह सतत रूप से प्रेस नोट के माध्यम से जारी की जाये।

इसी तरह कलेक्टर श्री सिंघल ने पीएम विश्वकर्मा योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेकर योजना के प्रचार-प्रसार को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री सिंघल ने अवैध शराब के उत्पादन, परिवहन तथा भण्डारण में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश आबकारी विभाग के अधिकारियों को दिये हैं। इसी तरह विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युत आपूर्ति संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया है।

# ग्राम, नगर विकास प्रस्फुटन समिति की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

रविवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी के शास. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी में चयनित नवांकुर संस्था एवं ग्राम/नगर विकास प्रस्फुटन समितियों का विकासखंड स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का पुनर्गठन एवं नवीनीकरण संबंधित दस्तावेजीकरण, मासिक प्रतिवेदन,पूर्व में किए गए कार्य,विकसित भारत संकल्प यात्रा में सम्मिलित होना और आगामी समय की कार्ययोजना पर समीक्षा के



साथ ही ₹आओ बनाये स्वर्णिम मध्यप्रदेश₹ एवं विस्तृत चर्चा की गई जिसमे अशोक बेंद्रे जी ब्लॉक समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद,श्री संजय मिश्रा जी सहायक प्राध्यापक शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय केवलारी, अशोक बंदेवार जी अध्यक्ष नवांकुर संस्था मां रेवा ग्रामोत्थान समिति केवलारी, राधेश्याम बंदेवार,अध्यक्ष नवांकुर संस्था एकलब्य फाउंडेशन केवलारी, साबरा खान नवचेतनासमिति केवलारी, मोमलता गजेंद्र ,संघर्ष महिला मंडल सुकतरा राजिक मंसूरी न्यू प्रगति समिति चरगांव एवम समस्त ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यो के साथ ही मेंटर्स श्री बालकराम डहेरिया, मोतीराम हरदुआ, रामकृष्ण डहेरिया ओर सुश्री कलावती ठाकुर जी की उपस्तिथि रही। नशा मुक्त भारत अभियान की शपत दिलाकर बैठक का समापन किया गया ।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने सोमवार को कलेक्टर चैंबर में उपार्जन समिति की बैठक लेकर उपार्जन संबंधी कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से बैठक से जुडे सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं तहसीलदारों से उनके द्वारा किये गये उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षिण के संदर्भ में जानकारी लेते हुये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। उन्होंने ऐसे उपार्जन केन्द्र जिनमें ऑनलाईन रिकॉर्ड एवं मौके में उपलब्ध उपार्जित स्कंध में अंतर पाया गया उन सभी केन्द्रों के प्रभारियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ-साथ कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपार्जन केन्द्रों से उपार्जित धान को शीघ्र परिवहन कर चिन्हांकित गोदामों में भण्डारित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सभी केन्द्रों में पर्याप्त वाहन व्यवस्था एवं मानव संसाधन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

# गुरुकुल के विद्यार्थियों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में सीखे सफलता के गुर

**पीएम मोदी जी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के 7वें संस्करण में दिए गए सफलता के मंत्र**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरघाट।

सांसद बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र से ढालसिंह बिसेन के मार्गदर्शन में गुरुकुल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम बच्चों को लाइव दिखाया गया।

बरघाट। ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में हाई एवं हायर सेकेण्डरी तथा बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा लाइव प्रसारण को दिखाया गया। कार्यक्रम सांसद बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र से ढालसिंह बिसेन के मार्गदर्शन में विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत, प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत, सह प्राचार्य नितेश गौतम एवं समस्त विषय शिक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतीक स्वरूप चयनित विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं



शिक्षकों से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के सातवें संस्करण पर परीक्षा एवं उसकी तैयारी से संबंधित तथ्यों पर बातचीत की।

बच्चों के सवालों का यथोचित जवाब प्रस्तुत करते हुए मोदी जी ने बताया कि बच्चों को माता पिता का विश्वास जीतना चाहिए, समय प्रबंधन के गुर अपनाने चाहिए तथा परीक्षा हॉल में खुद पर भरोसा रखना आवश्यक है। कार्यक्रम में मोदी जी ने कहा घर में नो गेजेट जोन बनाए जाने चाहिए, सोशल मीडिया एवं मोबाइल का प्रयोग केवल स्वविवेक एवं सही रूप से करना चाहिए। साथ ही स्वास्थ्य एवं फिजिकल फिटनेस व्यायाम को लेकर भी पीएम ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। संस्था प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत ने बताया पीएम नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के पोर्टल पर विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षक का रजिस्ट्रेशन कराया गया। कार्यक्रम की सराहना करते हुए पालकों एवं बच्चों ने परीक्षा के समय होने वाले तनाव एवं परेशानियों से निपटने के गुण सीखे।

# माध्यमिक शिक्षकों को नई शिक्षा नीति पर दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा छट्वी से आठवीं तक पढ़ाने वाले माध्यमिक शिक्षको के प्रशिक्षण के एक समूह का प्रशिक्षण रविवार को समाप्त हुआ। जिला शिक्षा केंद्र के DPC श्री महेश बघेल एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस. एस . कुमरे के निर्देशन में जिले के आठ विकासखंड में 23 से 28 जनवरी तक प्रशिक्षण महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के लक्षित 535 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाना है ।इसमें द्वतीय बैच का प्रशिक्षण रविवार को समाप्त हुआ,इस प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वय ने पहुंचकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

सिवनी बीआरसीसी अरुण राय ने बताया कि शिक्षक रुचि पूर्वक प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा छात्रों को कक्षा में सक्रिय रहने की आठ तकनीक सिखाई गई। प्रशिक्षण के अंत में सभी शिक्षकों को डीईओ,डीपीसी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए । बी ए सी,(प्रभारी बी आर सी)कपिल बघेल ने बताया कि रविवार को कन्या शाला MLB में प्रशिक्षण का समापन हुआ, मास्टर ट्रेनरों द्वारा कक्षा में सक्रिय रहने की तकनीक के साथ-साथ कक्षा का वातावरण आनंददायी बनाने एवं नई शिक्षा नीति 2020 को सक्रिय रूप से कक्षा व शाला में लागू करने के लिए नए तरीके अपनाने हेतू चर्चा की गई।BAC ( प्रशिक्षण प्रभारी)मनोज नाग बताया कि शाला में भय मुक्त सकारात्मक वातावरण बनाने एवम् समझ के साथ वैश्विक स्तर का अध्यापन आवश्यक है।समापन के अवसर पर जनपद शिक्षा केंद्र से DEO श्री एस एस कुमरे,DPC महेश बघेल,भारती पटवा,नेहा उगारे वीरेंद्र डोंगरे,अमित राय ,गोपाल गहलोद,सतीश पांडे एवम शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# रांची झारखंड में दिशा जैसवाल ने जीता पदक

**स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया , खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा रांची झारखंड में शालेय राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा को आयोजित किया गया था ।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, जम्मूकश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा, सहित 35 यूनिट के खिलाड़ीयो ने भाग लिया । चयनित खिलाड़ी लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश एवं संभागीय संयुक्त संचालक ग्वालियर , द्वारा आयोजित प्री नेशनल केम्प 17 जनवरी से 22 जनवरी तक भाग लिया एवं 24 जनवरी से 28 जनवरी तक रांची झारखंड में प्रतियोगिता में शामिल हुए। सिवनी जिले से कोच सोहन लाल सेन एन.आई.एस.कोच एवं सचिव जिला वुशु संघ सिवनी




के कुशल प्रशिक्षण प्राप्त है कोच सोहन लाल सेन द्वारा इन ख़लिाडियो को श्री महावीर व्यायामशाला सुभाष वार्ड सिवनी में विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है दिशा जैसवाल 70 किलोग्राम खिलाड़ी रास्ट्रीय स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

ज्ञातव्य है कि ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में बालक बालिका 14 , 17 एवं 19 वर्ष के बिभिन्न भार वर्गों में आयोजित की गई थी ।जिसमे सिवनी जिले से चयनित खिलाडियो ने +70 कि.ग्रा. भार वर्ग में दिशा जैसवाल पिता सागर जैसवाल ने स्वर्ण पदक, 75 कि.ग्रा. भार वर्ग में भूमिका उइके माता मीना उइके ने स्वर्ण पदक, सीनियर वालक - 75 दक्ष चंद्रवंशी पिता शिव कुमार चंदवंशी स्वर्ण पदक , जीत कर राष्ट्रीय स्पर्धा में अपना स्थान बनाया था। इन खिलाड़ियो ने खिलाड़ी राष्ट्रीय स्पर्धा झारखंड में मध्य प्रदेश का नेतृत्व करते हुए दिशा जैसवाल ने जम्मू कश्मीर सहित अन्य राज्य के खिलाड़ियो को हराकर 70 किलो ग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

रास्ट्रीय स्पर्धा में पदक प्राप्त करने एवं उत्कर्ष्ट प्रदर्शन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी , जिला शिक्षा विभाग खेल अधिकारी जस्सी थामस, उदय पब्लिक स्कूल प्रचार्य राघवेन्द्र ठाकुर, गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट संचालक नरेश राजपूत श्री महावीर व्यायामशाला के अध्यक्ष प्रसन्न मालू , शंकर लाल सोनी ,छिद्दी लाल श्रीवास ,हीरा लाल सोनी , चंचल दास आहूजा , गुलाव पवार , रमायण सनोडिया ,प्रदीप वर्मा, भावना गायकवाड़, देवेंद्र ठाकुर , मनीष मिश्रा, आशीष दीक्षित,संचालक धीरज पाल , अंकित मिश्रा, सौरभ सोनी, अभिषेक सोनी,संदीप नेमा, शीतल नामदेव , आकाश सोनी,राकेश मालवीय, विनायक शर्मा, मनीष तुमन्त्रे , राजू यादव ,डेलेश्वरी कटरे, आशु साहू ,जया अग्रवाल,प्रतीक सिंह, प्रिया बघेल, निशा बघेल, स्वाति मर्सकोले, , एवं समस्त जिला वुशु संघ के सदस्यों ने बधाई प्रेषित की है।

# समाज को देना नहीं समाज को लौटाना धर्म है-डॉ मनमोहन वैद्य

**डॉ प्रदीप दुबे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्वाचित हुए प्रांत संघचालक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय बैठक कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में आज सम्पन्न हुई। इस बैठक में चुनाव अधिकारी क्षेत्र कार्यवाह की उपस्थिति में प्रांत संघचालक का निर्वाचन किया गया, जिसमें जबलपुर के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप दुबे को सर्वसम्मति से प्रांत संघचालक निर्वाचित किया गया।

इस अवसर पर सहसरकार्यवाह डॉ. मनमोहन वैद्य का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रांत भर से आये हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सहसरकार्यवाह ने कहा कि संघ को अपना नेटवर्क खड़ा नहीं करना है अपितु सम्पूर्ण समाज को संगठित करना है। इस हेतु हम सबको प्राणपण से जुटना चाहिए। आगे डॉ. मनमोहन वैद्य ने कहा कि मैं को छोटा कर हम को बड़ा करना चाहिए, इसलिए समाज को देना नहीं समाज को लौटाना धर्म है।

इस अवसर पर प्रांत संघचालक ने अपनी नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की। सतना के प्रसिद्ध वास्तुविद और समाज सेवी उत्तम बनर्जी प्रांत कार्यवाह, नरसिंहपुर के प्रसिद्ध उद्योगपति विनोद नेमा एवं सिवनी के अनिल चंद्रवंशी सह प्रांत कार्यवाह नियुक्त हुए। अन्य कार्यविभाग एवं गतिविधि के कार्यकर्ताओं की भी घोषणा की गई। बैठक में डॉ दिनेश जी अखिल भारतीय ग्राम विकास संयोजक, दीपक विसपुते क्षेत्र प्रचारक, शिवराम समदरिया क्षेत्र प्रचारक प्रमुख व प्रांत प्रचारक ब्रजकांत उपस्थित रहे।

# विवेक का चयन खेलो इंडिया थांगता में हुआ

**विवेक चंद्रवंशी पिता महेंद्र चंद्रवंशी के पुत्र हैं जो सिवनी जिले के गणेशगंज ग्राम बदनोर के निवासी हैं और सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालय शारदा विहार भोपाल में कक्षा दसवीं में अध्यनरत होने के साथ ही वहीं पर रहकर थांगता की प्रैक्टिस करते हैं ।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनी।

थांगता के जाने-माने खिलाड़ी हैं इन्होंने लगातार अपनी प्रतिभा को निखारते हुए अपने आप को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित किया है एक छोटे से स्थान से निकलकर विवेक ने खेलो इंडिया तक का सफर तय किया है स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता एवं फेडरेशन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आपका चयन कोयंबटूर में होने वाले खेलो इंडिया खेल के लिए हुआ है विवेक ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शारदा विहार आवासीय विद्यालय को दिया उनका कहना है कि मैं कक्षा नवी से आवासीय विद्यालय शारदा विहार में पढ़ रहा हूं और मेरा खेलों का सफर भी शारदा विहार से शुरू हुआ है इसके साथ ही शारदा विहार परिवार ने आपको हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

# समय पर भुगतान नहीं, ब्याज में चला जाता है आधा वेतन : रघुवीर अहरवाल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राष्ट्रीय पर्व हो या धार्मिक त्यौहार, अस्थायी दैनिक वेतन भोगी, ऑउटसोर्स कर्मी, संविदा कर्मी, अतिथि शिक्षक, सफाई कर्मी आदि कर्मचारी जो सरकारी काम 8 हजार से 19 हजार रुपए मासिक वेतन पर करते हैं, किंतु समय पर भुगतान नहीं होने से इनकी आधी पगार ब्याज में चली जाती है। इनकी परेशानी और शोषण का कारण सरकारी नीतियाँ होती हैं। उक्ताशय के विचार व्यक्त करते हुए रविदास शिक्षा मिशन के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने बताया कि लाखों रुपए मासिक वेतन पाने वाले मंत्री, सांसद, विधायक, उच्च अधिकारी आदि को महीने की एक से लेकर 5 तारीख तक वेतन मिल जाता है। किन्तु मात्र 8 हजार रुपए से लेकर 19 हजार रुपए वेतन पाने वाले अस्थायी कर्मी, ऑउटसोर्स कर्मी, संविदा कर्मी, अतिथि शिक्षक, दैनिक वेतन भोगी कर्मी सफाई कर्मी आदि को दो या तीन महीने बाद भुगतान किया जाता है। इन कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से ये लोग परिवार पालन के लिए 10 से लेकर 25 प्रतिशत मासिक ब्याज दर पर कर्ज लेते हैं। वेतन मिलने पर इनका आधा वेतन ब्याज देने में खत्म हो जाता है। वेतन भुगतान में अधिक देरी होने पर इन कर्मचारियों को साहूकार अपमानित भी करते हैं। कभी-कभी मारपीट की जाती है।

रविदास शिक्षा मिशन के अध्यक्ष रघुवीर अहरवाल ने आगे बताया कि ऐसे अल्प वेतन भोगी अस्थायी कर्मचारियों की संख्या पूरे देश में कई करोड़ है। इनकी दर्दनाक हालत को सभी मंत्री, सांसद, विधायक, बड़े अधिकारी आदि जिम्मेदार लोग जानते हैं। इसके बाद भी ये जिम्मेदार लोग पीड़ति कर्मचारियों को समय पर भुगतान नहीं कराते हैं। यह सरकारी शोषण की शर्मनाक हरकत है। क्या यही विकसित भारत की तस्वीर है ?

# पत्रकार स्व.प्रमोद शर्मा की श्रृद्धांजलि सभा आज

**सिवनी।** दैनिक समाचार पत्र के संपादक प्रमोद शर्मा का बीते दिवस देवलोक गमन हो गया है। वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. प्रमोद शर्मा पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में हमेशा अपनी सक्रीय भूमिका निभाते रहे। प्रेस क्लब ऑफ सिवनी (प्रेस एशोसिएशन, सिवनी) द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्व. प्रमोद शर्मा जी के निधन पर श्रृद्धांजलि सभा आयोजित की गई है यह सभा आज 30 जनवरी 2024 दिन मंगलवार को दोपहर 02 बजे से होटल वृन्दावन में होगी।



प्रेस क्लब के अध्यक्ष अयोध्या विश्वकर्मा ने बताया कि वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद शर्मा काफी लम्बे समय से बीमार चल रहे थे एवं इनका निधन 23 जनवरी को हो गया। आयोजित श्रृद्धांजलि एवं शोक सभा में वरिष्ठ पत्रकारों के साथ एडिटर कॉउंसिल, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के सदस्य सहित, मातृशक्ति, व्यापारी, राजनीतिक, सामाजिक संगठन सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रेस क्लब ऑफ सिवनी ने जिले के सभी पत्रकारों से इस सभा में शामिल होने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में आज होगा मौन धारण

**बालाघाट।** शहीदों की स्मृति में मंगलवार को प्रातः 11.00 बजे सारे देश में दो मिनिट का मौन रखा जायेगा। जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है। उनके सम्मान में दो मिनट के मौन रखा जावेगा। मप्र शासन में निर्देश है कि सायरन ठीक 10:59 बजे से 11.00 बजे तक बजाए जाएं इसके दो मिनट के बाद 11.02 बजे से 11.03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाया जायेगा। सायरन सुनकर सभी व्यक्ति खड़े हो जाएं और मौन धारण करें। जिन स्थानों पर सिग्नल की कोई व्यवस्था न हो, वहीं पूर्वान्ह 11.00 बजे दो मिनट का मौन रखने के लिए सभी संबंधितों को उपयुक्त अनुदेश दिए गए है। शैक्षणिक संस्थाओं तथा निजी एवं सार्वजनिक उपक्रमों, वाणिज्य एवं उद्योग संघों को निर्धारित समयानुसार मौन धारण करने के लिये निर्देशित किया गया है।

## वायरल वीडियो के आधार पर जांच में आया सच

# धान चोरी के मामले में एक और एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शनिवार दोपहर में धान विक्रय का एक वीडियो वायरल सामने आया। इस वीडियो की सत्यता के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सम्बंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए। जांच के बाद वाहन चालक व दुकान संचालकों पर धान चोरी के मामलें में भादवि की धारा 379 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनील किरार से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 जनवरी को बैहर के बंजारी में शासकीय धान की बोरियो को चाय-नाश्ता की दुकानों में विक्रय करने का वीडियो वायरल हुआ था। इस वीडियो की सत्यता के लिए उनके अलावा जिला विपणन अधिकारी श्री हीरेन्द्र रघुवंशी, रूपझर थाना प्रभारी श्री वीरेंद्र बरकड़े और सहायक उपनिरीक्षक मंडी श्री मनोज पटले द्वारा संयुक्त रूप से जांच की गई। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर चाय-नाश्ता की दुकान में 26 धान की बोरिया पायी गयी। इन 26 बोरियों को विधिवत जब्त किया गया। वहीं मौके पर ट्रक ड्राइवर राजू कुम्भरे,दुकान संचालक शरद कुमार डोंगरे व रामेश्वर नागेश्वर पर उकवा उपार्जन केंद्र के धान प्रभारी जितेंद्र चौहान और परिवहनकर्ता आनंद कोचड़ द्वारा रूपझर थाने में रविवार को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गयी। परिवहनकर्ता आंनद कोचड़ ने थाने में आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि मेरे द्वारा बैहर सेक्टर (बैहर,परसवाड़ा, बिरसा) के उपार्जन केंद्रों से समर्थन मूल्य पर शासकीय उपार्जित धान के परिवहन का कार्य किया जाता है। शनिवार को ट्रक क्रमांक सीजी-04-पीजी-1705 द्वारा उकवा समिति से 160 क्विटल (400 बोरी) धान भंडारण केन्द्र गर्रा जा रही थी। जिसमें ट्रक के ड्रायवर के राजू कुम्मरे द्वारा धान की कट्टीया बंजारी (बैहर बालाघाट रोड़) में स्थित ढ़ाबों में बेची गई थी।



मौके पर बंजारी स्थित ढ़ावों की जाँच की गई। जिसमें शरद कुमार डोंगरे के घर से 22 बोरियां एवं रामेश्वर नागेश्वर के घर से 04 बोरियां धान मिली जिसमें सरकारी धान भरी पाई गई। वाहन क्रमांक सीजी-04-पीजी-1705 के मालिक का नाम विनोद ठाण्डेश्वर है। परिवहनकर्ता ने आवेदन के साथ 1. पंचनामा, 2. कथन शरद कुमार डोंगरे, 3. जप्ति पत्रक, 4. ट्रक चालान पर्ची (उपार्जन केन्द्र से भण्डारण केन्द्र को परिवहन किये अनाज जारी विवरण) नही प्रस्तुत किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य पर जेएसके बैंक हुआ सम्मानित



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुलना ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर डा. गिरीश कुमार मिश्रा के हस्ते बैंक सीईओ आर.सी.पटले को धान उपार्जन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने के चलते प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बैंक भवन में उत्कृष्ट रोशनी किए जाने को लेकर तृतीय स्थान मिलने पर शील्ड और प्रमाण पत्र दिया गया। श्री पटले ने बताया कि बैंक मुख्यालय में बैंक कर्मचारियों की उपस्थिति में झंडा वंदन किया गया। तत्पश्चात मुख्य समारोह में झांकी का प्रदर्शन किया गया। झांकी में पैक्स ऑनलाइन और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक लेखा पी. जोशी, विपणन अधिकारी राकेश असाटी, फील्ड अधिकारी राजेश नागपुरे, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, रौनक चौकसे आदि उपस्थित रहे।

## नागरिकों और दुकानदारों से सीएमओ ने की सहयोग की अपील

# 1 फरवरी से प्रभावी होगी पॉलिथिन इस्तेमाल पर पाबंदी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पर्यावरण और मानव जीवन तथा पशुओं के लिये घातक साबित होने वाले पॉलिथिन पर पाबंदी को लेकर नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा 1 फरवरी से अमल में लाया जायेगा। प्लास्टिक के कैरिबेग सहित अन्य वस्तुएं जो शासन की गाईडलाईन के अनुसार सिंगल यूज प्लास्टिक के तौर पर उपयोग की जाती है उनके इस्तेमाल को लेकर कड़े निर्देश है। इसी के परिपालन में शहर के नागरिकों तथा दुकानदारों से पॉलिथिन कैरिबेग की बजाये विकल्प के तौर पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने की अपील सीएमओ निशांत श्रीवास्तव ने की है। साथ ही कहा गया है कि जिन व्यापारियों द्वारा आदेश का उल्लंघन किया जायेगा उनपर जुर्माना कार्यवाही की जायेगी। सीएमओ ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर एवं परिषद सदस्यों की उपस्थिति में नगर के व्यापारियों की आवश्यक बैठक 13 जनवरी को ली गई थी जिसमें सभी ने पॉलिथिन उपयोग को नुकसानकारक मानते हुए नगर पालिका का सहयोग करने की बात कही थी। नपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया था कि 1 फरवरी से नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा केन्द्र शासन एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेशों के तहत नगरीय क्षेत्र में पॉलिथिन पर पूर्णतः प्रतिबंध लागू किया जायेगा।

इसी के परिपालन में अब प्रतिबंध पर अमल करने की तैयारी कर ली गई है और नगरीय क्षेत्र में पॉलिथिन के इस्तेमाल और विक्रय पर पाबंदी रहेगी। इस प्रयास को सार्थक बनाने के लिये व्यापारियों, नगरवासियों का सहयोग भी जरूरी है। जल, वायु एवं भूमि प्रदूषण का प्रमुख कारण प्लास्टिक होता है, इसका अधिक इस्तेमाल मानव स्वास्थ्य एवं पशुओं के लिये भी हानिकारक है। नगर में नाले-नालियों का पानी निकासी ना होने का कारण भी प्लास्टिक ही बनता है ऐसे में हमें अपनी जवाबदारी समझनी होगी शहर की भलाई के लिये लोगों के स्वास्थ्य के लिये। पॉलिथिन ऐसा तत्व है जिसे जलाया जाये तो वायु प्रदूषण का कारण बनता है, जमीन के भीतर दबा दिया जाये तो उर्वरता को प्रभावित करता है, शोध में आया है कि लम्बे समय तक इसके उपयोग से मनुष्य को गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए पॉलिथिन के इस्तेमाल से बचना होगा।

सीएमओ ने अपील की है कि इस मुहिम में नगरपालिका परिषद बालाघाट का साथ दें, उन्होंने आम नागरिकों, व्यापारियों एवं दुकानदारों से शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ ही प्रदूषण मुक्त बनाने के लिये सहयोग प्रदान करने की अपील की है। साथ ही कहा कि 1 फरवरी से पॉलिथिन पर पाबंदी को लेकर अमल किया जायेगा जिसमें विक्रेता पॉलिथिन बेचता पाया गया तो जुर्माना कार्यवाही भी की जायेगी।

## शिकवा-शिकायत में सिमटकर रह गया, कुर्सियां रही खाली, समापन तक नेताओं ने भी मंच छोड़ा

# कांग्रेस का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पूरे देश में इन दिनों कांग्रेस संघर्ष के दौर से गुजर रही है, भविष्य में लोकसभा चुनाव होने है। बावजूद इसके संघर्ष में एकजुटता का आभाव दिखाई दे रहा है। जिले में गुटों में बंटी कांग्रेस में भविष्य के लोकसभा चुनाव से ज्यादा शिकवा-शिकायतें का दौर है और कांग्रेस के बड़े नेता एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे है।



28 जनवरी को बालाघाट मुख्यालय में बालाघाट विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन, लोकसभा प्रभारी की प्रमुख उपस्थिति में आहूत किया था, लेकिन यहां भी यह कहकर शिकवा शिकायत में निपट गया कि काम करने वाले ज्यादा और व्यवधान उत्पन्न करने वाले, विधानसभा चुनाव में आ जाते थे। हालांकि बड़े नेताओं ने पार्टी को एकजुटता का संदेश तो दिया, लेकिन वह मंच पर एकजुट दिखाई नहीं दिए और जैसे-जैसे संबोधन होता गया। नेता अपनी कुर्सी छोड़कर जाते रहे। आलम यह रहा कि कार्यक्रम की समाप्ति के पहले तक मंच भी खाली-खाली नजर आया। हालांकि वैसे तो पहले ही कार्यकर्ता सम्मेलन में जमाई गई कुर्सियां खाली रही, लेकिन मंच भी खाली हो गया है। इसके बाद नेता कहते रहे कि हमें लोकसभा में जीत हासिल करना है।

सिंधु भवन में आहूत किया गया था, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की रूपरेखा एवं पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से लोकसभा प्रभारी संजय शर्मा, विधायक एवं जिलाध्यक्ष संजय उइके, विधायक अनुभा मुंजारे, मधु भगत, विवेक विक्की पटेल, पूर्व विधायक लांजी हिना कावरे, पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार के अलावा कांग्रेस अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रविंद्र नागेश्वर गढवाल समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** अखिल भारतीय गढवाल समाज महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्वाचन 28 जनवरी को बालाघाट के शुभी मैरिज लान में संपन्न हुआ।सामाजिक मतदाताओं अपने मत का प्रयोग कर सिवनी निवासी रविंद्र नागेश्वर को अखिल भारतीय गढवाल समाज महासभा का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित किया। चुनाव मैदान में 4 उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया था। जिसमे रविंद्र नागेश्वर, हरीशंकर बनवारी राजेश नागवंशी, महेंद्र नागेश्वर चुनाव मैदान में उतरे थे। रविंद्र नागेश्वर, ने अधिक मत प्राप्त कर जीत का परचम लहराया। सामाजिक बंधुओ ने रविंद्र नागेश्वर की जीत पर उनका फुल मलाओ से स्वागत कर खुशी जाहिर की है। पूरे देश के 52 मंडलों के सामाजिक वोटरों ने मतदान में हिस्सा लिया। चुनाव निर्वाचन द्वारा प्रत्येक मंडल से 7 वाटरो नाम चयनित कर उन्हे मतदान करने अधिकृत किया गया था। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रविंद्र नागेश्वर सिवनी, हरिशंकर बनवारी लालबर्रा, महेंद्र नागेश्वर बैहर, राजेश नागवंशी वारासिवनी ने नामांकन दाखिल किया था। मतदान के बाद हुई मतगणना में सिवनी के रविंद्र नागेश्वर ने सर्वाधिक 111 मत हासिल कर जीत दर्ज की है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के गढवाल समाज के सामाजिक महिला पुरुष उपस्थित रहे।



## तार चोरी के मामले में 4 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** ग्राम सेलवा में नंदकिशोर पटले के मकान के सामने आंगन से ढाई लाख रुपए के 11 केव्ही कंडेक्टर तार की चोरी की मामले में कटंगी पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित कर 04 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. 26 जनवरी को दुधारा निवासी महेश बोरकर ने कटंगी थाने में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी. पुलिस ने रविवार को प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि प्राथी ने 26 जनवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24 और 25 जनवरी की सेलवा से किसी अज्ञात ने 11 केव्ही कंडक्टर तार चोरी कर ले गया है जिसकी कीमत ढाई लाख रुपये हैं. प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था. विवेचना दौरान संदेही दीपेश पिता अनार सिंह धुर्वे निवासी ग्वारी थाना धनौरा जिला सिवनी से पूछताछ कि गई जिसने अपने साथी, सफीक पिता बब्बू खान निवासी कहानी थाना घंसौर जिला सिवनी, बुंदाराम पिता निरंजन सिंह कुमरे निवासी बरेलाघाट थाना धनौरा जिला सिवनी, मिथलेश पिता स्व. पुन्नुलाल रजक निवासी फॉरेस्ट डिपो के पास, धूमा रोड कहानी थाना घंसौर जिला सिवनी के साथ मिलकर चोरी की वारदात करना कबूल किया. पुलिस ने आरोपियों के पास से तार और घटना में प्रयुक्त पीकप वाहन क्रमांक एमपी 22 जी 3037 और मोबाइल फोन जब्त किये गये है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत मेरी पालिसी मेरे हाथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



उपसंचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, न्यु कलेक्ट्रेट बालाघाट से किया गया जिसमें फसल बीमा पाठशाला उपसंचालक कृषि, सहायक उपसंचालक कृषि, सहायक सांख्यिकी अधिकारी एवं जिला प्रतिनिधि बीमा कंपनी के द्धारा मंच की ओर से संचालित किये गये। जिसमें फसल बीमा के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से कार्यक्रम में उपस्थित सभी किसान एवं कर्मचारीयों के बीच चर्चा कर बताया गया। उपसंचालक कृषि ने जहाँ फसल बीमा को आपदा के समय आपदा से उबरनें का एक मजबूत वित्तीय साधन बताया, वही सहायक संचालक कृषि ने भी फसल बीमा को लाभ की योजना बताकर व्यक्तिगत दावा के विभिन्न पहलुओं को सारगर्भित तरीके से संबोधन किया, जिससे सभी किसानों ने भी बढ चढकर अपनी समस्या को उपसंचालक कृषि तथा मंच की ओर सांझा किया और फसल बीमा के लाभ के विभिन्न पहलुओं को ध्यान से समझा तथा उत्सुकता से कार्यक्रम का हिस्सा बनने पर खुशी जाहीर किये । तद्उपरांत किसानों को पुष्प गुच्छ एवं रबी 2023-24 की पालिसीयाँ देकर सम्मानित किया गया तथा मेरी पालिसी मेरे हाथ कार्यक्रम के उद्देशय के बारे में किसानों से सांझा किया गया।मेरी पालिसी मेरे हाथ कार्यक्रम इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि राजेश खोबरागडें, सहायक उपसंचालक कृषि विनय धुर्वे, सहायक सांख्यिकी अधिकारी उइके जी , कृषि विभाग के अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बीमा कंपनी के जिला प्रतिनिधि, बीमा कंपनी के तहसिल के तहसिल प्रतिनिधि, सम्मानिय कृषक उपस्थित रहें।

## वन विभाग ने बच्चों को मनोरंजक तरीके से पढ़ाया पर्यावरण का पाठ

# वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा अनुभूति शिविर का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के अंतर्गत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य द्वारा आज 16 जनवरी को सोनेसराड़ से गांगजीराजा के वनक्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन संपन्न कराया गया। जिसमें लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पाथरगांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव से 131 विद्यार्थीयों का समूह शामिल हुआ। उक्त अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक जानकारियों से अवगत कराया गया। साथ ही बच्चों को वनविभाग द्वारा स्वाष्टि स्वल्पाहार भी कराया गया।

**विद्यार्थियों को दी गई वन से संबंधित जानकारीः** शिविर में सम्मिलित हुये प्रत्येक बच्चे को अनुभूति वैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किये गये। शिविर के प्रारंभ में में भी बाघ गीत, प्रतिभागियों द्वारा गाया गया। साथ ही विद्यार्थियों को पक्षी दर्शन, वन्यप्राणी दर्शन, प्रकृति पथ भ्रमण एवं वन, वन्यप्राणी व पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों कराई गई तथा जानकारी प्रदान कर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को औषधीय पौधों सम्बंधी जानकारी म.प्र. राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदाय किये गये सेम्पल के माध्यम से दी गई। कार्यक्रम के अंत में शिविर में सम्मिलित बच्चों को शपथ दिलाई जाकर पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरण किये गये।

**अनुभूति कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगीः** कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य एवं बेटा बचाओ अभियान की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मास्टर ट्रेनर ज्ञानचंद मिश्रा के साथ ही वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी सामान्य एसडीओ राकेश अड़कने, उपवन क्षेत्रपाल श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर, वनपाल श्रीमती इंदिरा गर्ग, श्यामलाल चिचले उपवन क्षेत्रपाल, रविंद कुमार सोनवाने, वनपाल संजय विश्वकर्मा, अमोल सिंह धुर्वे, करीम खान, संतोष गज्जाम, वनरक्षक अमरनाथ नंदा, विशाल आसटकर, अमरदीप गजभिये, उमेंद्र सिंह सोलंकी, संजय दुरूगकर, नकुल वरकड़े, संगीता ककोड़े, प्रियंका रामटेके, रत्नकला भलावी के अलावा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव से आर.के कावड़े, आर.के. घोरमारे, सुश्री प्रीति कालबेले, श्रीमती रेखा भालाधरे, नरेंद्र कुमार सोनटके, ललित धारणे एवं नारायण एड़े सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# शा.हाई स्कूल सुनारककोड़ी में समारोहपूर्वक मनाया गया 75वाँ गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लांजी क्षेत्र के ग्राम सुनारककोड़ी के शा.हाई स्कूल में 75 वाँ गणतंत्र दिवस कार्यक्रम समारोहपूर्वक आयोजित किया गया । प्रातः 7.30 बजे शा.हाई स्कूल के विद्यालय प्रांगण में प्राचार्य आर.के.चौरे द्वारा ध्वज फहराया गया । इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिकों में सेवानिवृत शिक्षक के.के.बड़घैया, पुलिस पटेल विनोद येरपुड़े, मधुकर तांडेकर, महेन्द्र रंगारी, सुंदरलाल राऊत, दुर्गा घोरमारे एवं विद्यालय के विद्यार्थी व शिक्षकगण उपस्थित रहें। तत्पश्चात प्रभात फेरी भारतमाता की जय, तिरंगे झंडे की जय एवं वीर शहीदों की जय-जयकार करते हुए ग्राम की ओर निकल पड़ी जहाँ एकिकृत मा.शा. सुनारककोड़ी की छात्र- छात्राएँ तथा सरस्वती शिशु मंदिर की छात्र-छात्राएँ भी प्रभातफेरी में शामिल होकर पूरे सुनारककोड़ी ग्राम का भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक से गाँधी चौक पहुँची । गांधी चौक में ग्राम सुनारककोड़ी के ही वयोवृद्ध- सेवानिवृत शिक्षक एन.एल. तिड़के द्वारा बड़े ही गरिमामय माहौल में ध्वज फहराया गया, उसके पश्चात यह प्रभात फेरी वीर शहीदों की जय-जयकार करते हुए विशाल जनसमूह के साथ एकिकृत शा.मा.शाला में पहुँची जहाँ पर मंचीय कार्यक्रम संपन्न हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ वीणापाणी माँ सरस्वती तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अम्बेडकर के छायाचित्रों के समक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्ष महोदया चित्रलेखा बापुरे द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया । यह कार्यक्रम सेवानिवृत शिक्षक पी.एल. मुरकुटे के मुख्य आतिथ्य एवं हाई स्कूल हेतू भूमिदानदाता डोमनसिंह बापुरे,सेवानिवृत शिक्षक कृष्णा बंबूरे,सरिता येरपुड़े (पंच),सुभाष सोनवाने, विद्यानंद सोनवाने,संजू वाघाड़े,महेंद्र रंगारी, हेमू बड़घैया,आकाश कावरे, टेमनी निवासी डॉ अजय नागदौने व एस.एम.सी.अध्यक्ष (एकीकृत मा.शाला) पार्वती नेवारे के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ । वीणापाणी माँ सरस्वती, भारतमाता, एवं राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी तथा संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्रों की उपस्थित अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के बाद एकिकृत मा.शा. के विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों के स्वागत सत्कार के बाद शा.हाई स्कूल की छात्राओं के द्वारा बहुत ही मनमोहक नृत्य के साथ स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया उसके बाद हाई स्कूल शिक्षक एन.गजभिये द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया, जिसे गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के द्वारा दुहराया गया । इस गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम में शा. हाईस्कूल, एकिकृत मा.शा.तथा सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक- शिक्षिकाएँ सम्मिलित रहें । कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक गीतों तथा मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया । हाई स्कूल प्राचार्य प्रतिनिधि की आसंदी से एम.एल. एड़े द्वारा कार्यक्रम में सहभागी समस्त छात्र छात्राओं एवं उनके मार्गदर्शी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद प्रेषित किया गया । कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष,ग्राम पंचायत सुनारककोड़ी की वर्तमान सरपंच श्रीमती चित्रलेखा बापुरे द्वारा अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत किया गया । अंत में एकिकृत मा.शा.के प्रधानपाठक एस.एल. घोरमारे द्वारा आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम का मनमोहक एवं चित्ताकर्षक मंच संचालन हाई स्कूल सुनारककोड़ी में पदस्थ विज्ञान शिक्षक एन.गजभिये द्वारा किया गया ।



## संबल और कर्मकार मंडल में मजदूरों के कार्ड बनाने के लिए चलेगा अभियान

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह को निर्देश दिए कि संबल व कर्मकार मंडल के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाए। इसमें विभिन्न श्रेणी के मजदूरों के कर्मकार मंडल के तहत कार्ड बनाने की कार्यवाही की जाए। साथ ही संबल योजना के कार्ड बनाने में भी किसी तरह की लापरवाही नही की जानी चाहिए। कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग की सीएम हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों/ शिकायतों की गहनता से निराकरण करने के निर्देश देते हुए ग्रेडिंग की भी समीक्षा की। कलेक्टर ड़ॉ. मिश्रा ने सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को सीएम हेल्प लाइन पर शिकायत कम करने के निर्देश दिये है। इसके अलावा उन्होंने सभी विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों की जानकारी लेते हुए विभागीय अधिकारियों को पेंडिंग प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारयो को विभागीय बैठक कराने के निर्देश दिये। साथ ही पीएम आवास योजना में स्वीकृत आवास एवं निर्माणाधीन आवास के कार्यो की समीक्षा की। खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि खदानों का भौतिक सत्यापन के वैरिफिकेशन कार्य व कार्यवाही के दौरान बंद की गई खदानो की समीक्षा कर जांच रिपोर्ट प्रस्तूत करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी नायडू, प्रशिक्षक शरद जोशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।